# सीवरेज लाइन के घटिया कार्यों के विरोध में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**बड़वानी, (नवभारत)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर में हो रहे सिवरेज लाईन के घटिया कार्यों के विरोध में 23 अप्रैल को एक ज्ञापन कलेक्टर के मध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री भोपाल के नाम से दिया गया। इस दौरान नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद, पूर्व पार्षद वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कारंजा चौराहा पर सुबह 11.30 बजे एकत्रित हुए। जहां से ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कोटवाल के नेतृत्व में लगभग 100 से अधिक कांग्रेसी पार्टी के झंडे लेकर बाईक रैली के रूप कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां नगर पालिका और निर्माण एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर घटिया और नियम विरुद्ध किए जा रहे सिवरेज कार्य को लेकर आक्रोश व्यक्त किया।

कांग्रेसजनों ने नायब तहसीलर के सामने 7 बिंदुओं के ज्ञापन का वाचन जितेंद्र जैन ने किया। ज्ञापन के साथ विधायक राजन मंडलोई द्वारा सिवरेज लाईन के घटिया कार्यों के विधानसभा में रखे गए प्रश्नों का भी उल्लेख किया गया। साथ ही सिवरेज लाईन निर्माण के फोटोग्राफ, समाचार पत्रों की खबरों और निर्माण से संबंधित अन्य दस्तावेजों की छायाप्रतियां भी दी। जिसमें मुख्य रूप से बताया कि एनजीटी के निर्देशों की अव्हेलना निर्माण एजेंसी द्वारा की जा रही है, जिसमें सिवरेज लाईन और पेयजल पाईपलाईन एक साथ नहीं रखी जा सकती, लेकिन शहर के रणजीत क्लब के सामने उक्त निर्देशों की अव्हेलना खुलेआम की जा रही। रणजीत चौक पर बने सीमेंट कांक्रीट रोड़ को कटर मशीन से न काटते हुए जेसीबी से खुदाई की जा रही थी, जिसे वार्ड क्रं. 6 के पार्षद सचिन शर्मा द्वारा रात्रि में रूकवाया गया।



कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि विभागीय टीम गठित कर ज्ञापन के बिंदुओं की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर शहर में हो रहे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य करने वाली कम्पनी एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जाए।

### कांग्रेस पार्टी ने लगाया आरोप

कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि सिवरेज लाईन के लिए बनाए गए चेम्बर्स के दोनों तरफ प्लास्टर भी नहीं किया जा रहा, साथ ही मिट्टी को ठीक से नहीं दबाया जा रहा और निर्माण के बाद नियमित पानी से तरी भी नहीं की जा रही। जिससे भविष्य में सिवरेज के चेम्बर टूट-फुट होगी और वाहन दुर्घटनाएं होगी।

### ज्ञापन के दौरान यह रहे उपस्थित

ज्ञापन के दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण चौहान, पूर्व जपं अध्यक्ष मनेन्द्र रायसिंग पटेल, विधायक प्रतिनिधि सुनील यादव, हाजी अब्दुल रहीम तिगाले, विवेक शर्मा, शकील खान, शौकत अली मंसूरी, अविनाश आर्य, नपा नेता प्रतिपक्ष राकेश जाधव, पार्षद सचिन शर्मा, बाबू धनगर, मुजिब कुरैशी, हेमंत कुमावत, कैलाश सोलंकी, विष्णु बनड़े, अशोक गोले, कय्युम कुरेशी, अंकुर सोनी, नितिन यादव, असलम जोय, अरुण यादव, दीप गेहलोत, रोहित यादव व अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# थाना क्षेत्र में बकरी चोरी की घटना



**पानसेमल, (नवभारत)।** थाना क्षेत्र में बकरियों के चोरी की वारदात बढ़ने लगी है। क्षेत्र से अलग-अलग घटनाओं में 40 से अधिक बकरियां चोरी होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है। लालसिंह मोरे ने बताया कि ग्राम के रमेंद्र राजपूत, उत्तम चौहान, साधु चौहान, भावसार मोरे एवं चिचलिया रोड़ से पालतु बकरियों की चोरी की घटनाएं हुई है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने थाने पर दी है। ग्रामीणों ने चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है तथा इस तरह की वारदात न हो इसलिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। चोरी की वारदात का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक कार रोड़ के किनारे रुकती है। जिसमें सवार व्यक्ति बकरी को बुलाता है और उसे सीधे कार में भीतर घुसाता है। एक-एक करके 2 बकरियों को लेकर रफुचक्कर हो जाता है। कुछ पशु पालकों ने शिकायत तो दर्ज की है, लेकिन कुछ ऐसे भी पशु पालक हैं, जिन्होंने अभी तक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

## भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता आज बड़वानी में

**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ दिव्या गुप्ता पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करेंगी।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ दिव्या गुप्ता 24 अप्रैल दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करेंगी। अधिनियम से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी सांझा करेंगी। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजना पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी आदि उपस्थित रहेंगे।

# स्टेट हाईवे पर मकान में चोरी की वारदात

▸ लाखों के जेवर सहित नगदी पर किया हाथ साफ

**पानसेमल, (नवभारत)।** थाना क्षेत्र के खेतिया-सेंधवा स्टेट हाईवे पर एक चोरी की वारदात का मामला सामने आया है। जहां अज्ञात द्वारा लाखों के जेवर एवं नगदी चोरी की गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार वारदात के समय मकान के बरामदे में दंपति सो रहे थे, जिन्हें भनक भी नहीं लगी और बीती रात्रि में अज्ञात बदमाशों ने कीमती जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना के बाद मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची व घटना स्थल का निरीक्षण किया। अंबालाल रतिलाल चौधरी के पुत्र ने बताया कि वे घर पर सो रहे थे और बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात्रि में अज्ञात ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर में रखे सोने के कीमती जेवरों एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के अनुसार करीब 30 से 32 तोला सोना एवं नगदी 10000 रुपए चोरी होना बताया है।

प्रकरण की विवेचना एएसआई मुकेश भालसे द्वारा की जा रही है। वहीं थाने पर पदस्थ उप निरीक्षक एसके रघुवंशी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई कर अज्ञात चोर की सर्चिंग की जा रही है। वहीं परिवार के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र तलाश करने की अपील की है।

### जांच के लिए घटना स्थल पहुंची टीम

पुलिस को मिली सूचना पर अजय चौहान एवं आरक्षक गुणीराम पवार पहुंचे थे। वहीं डॉग स्क्वायड की टीम के साथ फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस वैज्ञानिक तथ्यों व मौजूद साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है।







# छात्राओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण

▸ मां कन्केश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**इंदौर.** माँ कंकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाने हेतु जूडो-कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ.

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य के उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने वर्तमान समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा के महत्व पर बल दिया. डॉ. शैलेन्द्र पिपरिया ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी देते हुए छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया. संचालन डॉ. बबीता अग्रवाल ने किया तथा संयोजिका डॉ. प्रगति जैन ने जूडो-कराटे प्रशिक्षण को आत्मविश्वास, साहस और अनुशासन विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया. प्रशिक्षण सत्र में डॉ. फातिमा जमाली ने छात्राओं को जूडो एवं मार्शल आर्ट की व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास कराया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में डॉ. स्मिता चैतन्य, डॉ. अंजली पाल, डॉ. प्रियंका ढलवानी, डॉ. पुष्पा पठोते, डॉ. रीना खांडेकर सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे. अंत में डॉ. प्रगति जैन ने आभार व्यक्त किया. विधायक रमेश मंदोला एवं चंदू शिंदे ने भी कार्यक्रम की सराहना की.

# युद्ध के प्रभाव और पर्यावरण के लिए करनी होगी चिंता

▸ डेवलपमेंट फाउंडेशन की परिचर्चा में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव



**इन्दौर.** वर्तमान दौर में विश्व के विभिन्न देशों में चल रहे, युद्ध क्षेत्रीय एवं वैश्विक पर्यावरण को गंभीर एवं दीर्घकालिक क्षति पहुंचा रहे हैं. समूचे विश्व में पर्यावरण असंतुलित होकर मानव सहित जैव विविधता के लिए संकट पूर्ण होता जा रहा है. युद्ध में उत्सर्जित भारी मात्रा में कार्बन डाई आक्साइड वायुमंडल में जमा होकर ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को गंभीर बना रही है. भूजल ,जमीन और वायु प्रदूषण, आने वाली पीढ़ियों तक भी दुष्प्रभाव डालेगा. यद्यपि भारत युद्ध में शामिल नहीं है किंतु युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई आम जनों के जीवन को कठिन बना रही है हम सभी को मिलकर युद्ध के प्रभाव एवं पर्यावरण के लिए चिंता करनी होगी ।

उक्त विचार डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जाल सभागृह में युद्ध के पर्यावरण पर प्रभाव एवं ऊर्जा संकट विषय पर आयोजित परिचर्चा में, पर्यावरण एवं ऊर्जा क्षेत्र के कार्य कर रहे विभिन्न विशेषज्ञ वक्ताओं ने कही. पर्यावरण विद् तथा गुजराती कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ ओ पी जोशी ने कहा कि युद्ध में बड़ी मात्रा में घातक हथियारों का उपयोग करने से ग्रीन हाउस में बनने वाली गैस 33 प्रतिशत तक हो जाती है. गोपनीयता आड़ में जानकारियां छुपा ली जाती हैं. युद्ध में साइंस और टेक्नोलॉजी का बढ़ता प्रयोग इसे मारक और विनाशकारी बना रहा. सभी प्रकार के प्रदूषण बढ़ रहे हैं जिससे पालतू पशु - पक्षी ,बाग- बगीचे, इमारतें ,ऐतिहासिक धरोहर, पानी के स्रोत, तेल के भंडार एवं सड़क, पुल, परिवहन और आवास के बुनियादी ढांचे नष्ट हो रहे हैं. प्रारंभ में डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी आलोक खरे ने परिचर्चा की भूमिका प्रस्तुत की. इस अवसर पर शफी शेख ,प्रणीता दीक्षित, अशोक मित्तल आदि भी उपस्थित थे. संचालन श्याम पांडे ने तथा अंत में रामेश्वर गुप्ता ने आभार व्यक्त किया.

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी**-एसजीएसआईटीएस के पूर्व निदेशक डॉ संदीप नारूलेकर ने युद्ध के कारण बढ़ रहें ऊर्जा संकट को लेकर कहा कि ऊर्जा स्त्रोतों पर आधिपत्य युद्ध का कारण बन रहा है. युद्धों के कारण दुनियाभर में ऊर्जा का संकट है. अत: हमें ऊर्जा केंद्रीत जीवन शैली पर पुनर्विचार करना होगा. ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों की ओर ध्यान देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी. हम निजी वाहनों को प्रोत्साहित कर पेट्रोल की खपत बढ़ाते हैं जबकि जरूरत सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने की है. ईवी गाड़ियों की बैटरियों से जुड़े प्रभावों के प्रति भी हम जागरूक नहीं हैं. हमें ऊर्जा के डिमांड साइड मैनेजमेंट पर ध्यान देना चाहिए.

### भूजल स्तर नीचे चला गया

जल क्षेत्र विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि युद्ध से प्राकृतिक जलीय चक्र को स्थायी क्षति हो रही है. युद्ध प्रभावित देशों में भूजल स्तर असामान्य रूप से नीचे चला गया है. डॉ जयश्री सिक्का ने कहा कि जैव विविधता समाप्त हो रही है तमाम प्रयासों के बाद भी भारत में मात्र 7% ऊर्जा वैकल्पिक स्त्रोतों से बन रही है. परिचर्चा में पर्यावरण विद् डॉ दिलीप वाघेला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की विभाग प्रमुख डॉ रेखा आचार्य, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अधिकारी सुनील व्यास, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, मेधा बर्वे, कृभको के पूर्व अधिकारी राजेंद्र जैन, प्रो असद खान, प्रमोद नामदेव, डॉ, नागेश आदि ने भी संबोधित किया. अध्यक्षता करते हुए नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी के पूर्व निदेशक डॉ मुकेश चौहान ने कहा कि शासन थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों पर भी विचार कर सकता है.

# पर्यावरण संरक्षण, जल-संवर्धन और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प

**इंदौर. विश्व पृथ्वी दिवस पर मालवमंथन द्वारा इंद्रपुरी कॉलोनी क्षेत्र स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर उद्यान में जागरूकतापरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर धरती माता का विधिवत पूजन कर उन्हें जीवामृत एवं मोटा अनाज अर्पित किया गया.**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. माला सिंह ठाकुर ने कहा कि धरती माता केवल जीवन का आधार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और अस्तित्व की आत्मा हैं. आज आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल जागरूकता तक सीमित न रहें, बल्कि अपने व्यवहार में भी परिवर्तन लाएँ. कार्यक्रम की जानकारी डॉ. स्वप्निल व्यास द्वारा दी गई. उन्होंने बताया कि मालवमंथन द्वारा हर वर्ष पृथ्वी दिवस पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को जागृत करना है. जब तक हम व्यक्तिगत स्तर पर प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को नहीं समझेंगे, तब तक बड़े बदलाव संभव नहीं हैं। वही उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल-संवर्धन, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया. शपथ का वाचन अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता द्वारा कराया गया. विशेष अतिथि के रूप में पार्षद सुनीता सुनील हार्डिया उपस्थित रही, वही साहित्यकार हरेराम वाजपेयी ने पृथ्वी के महत्व पर कविता पाठ किया.



कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद स्वरूप औषधीय पौधों का वितरण किया गया. संचालन मनीष भालेराव ने किया. आभार प्रदर्शन रमेश गोधवानी ने किया. कार्यक्रम में मुरली खण्डेलवाल, राजेश जयसवाल, कुणाल भवर के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंद्रपुरी कॉलोनी रहवासी संघ के सदस्य उपस्थिति रहे.

# तेज रफ्तार आयशर ने बाइक को मारी टक्कर, इलाज के दौरान युवक की मौत

**इंदौर.** इंदौर उज्जैन रोड पर तेज गति व लापरवाही से चलाए जा रहे आयशर वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई. जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई.

सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम तराना में रहने वाले 43 वर्षीय मलखान सिंह राठौर ने पुलिस को कि शिकायत में बताया कि गोल्डन रिसोर्ट के सामने आयशर वाहन नम्बर डीएल 1 जीसी 5308 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सोहन सिंह पंवार की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. हादसे में सोहन सिंह पंवार और उनकी पत्नी सीमा बाई गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों को इलाज के लिए अरविंदो अस्पताल इंदौर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सोहन सिंह पंवार की मृत्यु हो गई. पुलिस ने आयशर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़कर गुटखा, सिगरेट और नकदी चोरी कर ली. निपानिया स्थित तुलसी नगर में रहने वाले 40 वर्षीय दीपक चंदानी की पाटनीपुरा स्थित दुकान में चोरी हो गई. अज्ञात बदमाश दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और गुटखा पाउच के 8 से 10 पैकेट, सिगरेट के 3 पैकेट तथा गल्ले में रखी करीब 2 हजार रुपए की चिल्लर चोरी कर ले गए. घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### कथक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन





**बडवानी।** कथक नृत्य समारोह का बुधवार रात्रि में समापन हुआ। समारोह की प्रशंसा करते हुए सभी अतिथियों ने कहा कि बालिकाओं का कथक नृत्य अदभुत था। केवल पांच दिनों की कार्यशाला में सिख कर सुंदर नृत्य से बालिकाओं ने दर्शकों के मन को मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने व्यस्त कार्यक्रम होने से मोबाईल से अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं विशेष अथिति के रूप में पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, विधायक राजन मंडलोई, एसपी पद्म विलोचन शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, मधुबन ग्रुप के अवधेश दवे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय कानूनगो, जिलामंत्री रवि कुलकर्णी, अमित शर्मा, जिला पंचायत सदस्य करण सिंह दरबार, डॉ रश्मि पाटीदार ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से कथक नृत्य का भव्य शुभारंभ किया। समारोह में अंतरराष्ट्रीय कथक कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं का शिल्ड भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा 12वीं तथा 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में स्थान बनाने वाली बालिका ओमामा मंसूरी और महक गोले का सम्मान भी किया गया। गोरी देशमुख द्वारा क्लासिकल तराना पर अपनी दो प्रस्तुति दी गई। अंत में समर कैम्प में भाग लेने वाली बालिकाओं को जनजातीय कार्य विभाग एवं स्पीक मैके संस्था द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह में बड़ी संख्या में दर्शक, बालिकाओं के परिवारजन, कलाप्रेमी प्राचार्य एमएम खान, सतीश कुमार, डॉ एसएन दुबे, डॉ रचना वर्मा, प्रोफेसर धीरज वर्मा, नीना जैन, सामाजिक कार्यकर्ता जया जोशी, आशा कुमरावत, शिक्षक सुनीता शुक्ला, हेमलता तिवारी, रेखा सोनी, स्पीक के अध्यक्ष जितेंद्र जैन, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, संरक्षक गुरमीत सिंह गांधी, सचिव रघुवीर सोलंकी, प्रकाश गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्पीक मैके के कार्यक्रम संयोजक अनिल जोशी एवं खरगोन की देशमुख बहनों ने किया।

### गैर-शासकीय संगठनों के साथ की बैठक

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट कार्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिले के एनजीओ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जल संरचनाओं, बावड़ियों और पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना है। चर्चा में कलेक्टर ने विशेष रूप से जोर दिया कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में समाज की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने इन संस्थाओं से आह्वान किया कि वे जन-जागरूकता फैलाएं और सफाई व गाद निकालने जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएं, ताकि ऐतिहासिक जल धरोहरों को संरक्षित कर भविष्य के लिए जल स्तर सुधारा जा सके।

### आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर समरसता महाआरती

इंदौर. आदिगुरु शंकराचार्य की जन्म जयंती के पावन अवसर पर संस्था मालवा संस्कृति मंच द्वारा भव्य समरसता महाआरती का आयोजन किया. आयोजन में शहर की युवा पीढ़ी ने एकत्रित होकर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपरा के संरक्षण का संदेश दिया. संस्था अध्यक्ष कमलपुरी गोस्वामी, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि आदिगुरु शंकराचार्य जी की गौरवशाली दशनामी परंपरा और उनके जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस समरसता महाआरती का आयोजन किया, सैकड़ों युवाओं ने आदिगुरु शंकराचार्य की समरसता महाआरती की. इस आयोजन में शहर के समाजों के समाजजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर महाआरती में सम्मिलित हुए. अतिथियों ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी ने भारतीय सनातन संस्कृति को नई दिशा देने का कार्य किया था. उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं. इस अवसर पर अविनेश हार्डिया, भावना मौर्य, अंजलि पाटीदार, कैलाश पेशवानी, मनीष ओझा, मधु तलवार,शुभम हार्डिया, चेतन हार्डिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक सामग्री खरीदी मामले में सुराज्य अभियान को सफलता

इंदौर. निजी स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सामग्री के नाम पर अभिभावकों की होने वाली आर्थिक लूट को रोकने के लिए 'सुराज्य अभियान' द्वारा चलाए गए अभियान को बड़ी सफलता मिली है. स्कूल किसी विशिष्ट दुकान से ही स्कूल ड्रेस, कॉपियाँ या शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए मजबूर न करें, इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने 15 अप्रैल 2026 को एक कड़ा परिपत्र (सर्कुलर) जारी किया है. इस आदेश की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें केवल नियम नहीं बताए गए हैं, बल्कि एक सक्षम शिकायत निवारण प्रणाली को सक्रिय करने के आदेश भी दिए गए हैं. सुराज्य अभियान के महाराष्ट्र राज्य समन्वयक अभिषेक मुरुकटे ने कहा कि महाराष्ट्र का यह आदेश एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. भारत के कुछ अन्य राज्यों ने भी इसी तरह के कदम उठाए हैं; लेकिन यह संकट पूरे देश में फैला हुआ है और कई केंद्रीय बोर्डों के स्कूल राज्य के नियमों को नहीं मानते हैं. इसलिए हमने केंद्रीय शिक्षा सचिव और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मांग की है कि पूरे देश के लिए एक समान नेशनल एडवाइजरी जारी की जाए, ताकि किसी भी राज्य के अभिभावकों की आर्थिक लूट न हो. अभिभावक इस संदर्भ में सुराज्य अभियान से भी संपर्क कर सकते हैं. महाराष्ट्र में अब शिकायत निवारण का मार्ग खुल गया है, इसलिए अभिभावक बिना डरे नोडल अधिकारियों को या ई-मेल द्वारा साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराएं। अभिभावक इस संदर्भ में सुराज्य अभियान से भी संपर्क कर सकते हैं.



# परिंदों के लिए दाना-पानी रखने राजवाड़ा पर मिट्टी के सकोरों का वितरण

**इंदौर. संस्था जीवन प्रवाह ने अपने पर्यावरण हितैषी पुण्योदय प्रकल्प के तहत एक अभिनव निर्णय लेते हुए राजवाड़ा स्थित बस स्टैंड पर मूक परिंदों की सेवा के लिए मिटटी के 500 सकोरे, दाने के पैकेट और कपडे की थैलियों का वितरण कर जहाँ पशु-पक्षियों की सेवा का सन्देश दिया है वहीं जनमानस में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने का भी अनुकरणीय प्रयास किया है.**

संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मेहता के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सचिव प्रकाश सोनी ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार ग्रीष्मकाल में प्रतिवर्ष मूक परिंदों की सेवा के लिए मिटटी के सकोरों का निशुल्क वितरण अभियान चलाया जा रहा है. इसके साथ ही अन्य अवसरों पर भी पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, कान्ह नदी के शुद्धिकरण में भी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई जा रही है. इस बार भी राजेंद्र स्वर्णकार की अध्यक्षता में विश्वास गुप्ता, कुशाग्र सोनी, धनीराम कोष्टी के सहयोग से समाज एवं शहर को यह सन्देश देने का विनम्र प्रयास किया गया है.